FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0129 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 17/05/2026 10:19 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 12/05/2026 **Date To (दिनांक तक):** 13/05/2026

Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 13:40 बजे **Time To (समय तक):** 19:30 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 17/05/2026 **Time (समय):** 08:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 17/05/2026 10:19:39 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH, 300 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** NARSINGH TOLL NAKA PRATAPGARH

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** RITESH MALI

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** KANHAIYALAL MALI

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 2000 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	CHHOTI SADARI, PRATAPGARH, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	CHHOTI SADARI, PRATAPGARH, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	PARVEEN KUMAR		पिता:VISHAL DAN CHARAN	1. A-29,DADUDAYAL NAGAR MANSAROVAR,MANSAROVAR, JAIPUR CITY (SOUTH),RAJASTHAN,INDIA

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		2,87,650.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 2,87,650.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

महोदयजी,वाक्यात मामला इस प्रकार है कि दिनांक 12.05.2026 को समय 1.23 पी.एम. पर ब्यूरों मुख्यालय के 1064 हेल्पलाईन नम्बर से मन् पुलिस उप अधीक्षक को परिवादी श्री रितेश माली के मोबाईल नम्बर उपलब्ध करवा सम्पर्क करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री रितेश माली के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर वार्ता की गई। तो परिवादी ने शिकायत संबंधी तथ्य बताकर जिला प्रतापगढ का मूल निवासी होना बताया व ब्यूरों चोकी डूंगरपुर पर उपस्थित होने मे असमर्थता जाहिर की गई। जिस पर परिवादी श्री रितेशमाली को कॉल करने पर प्रतापगढ बाईपास पर मिलने हेतु पाबन्द किया गया। समय करीब 02.50 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा श्री बाबु लाल कानि0 नम्बर 393 को बुलाकर मन् पुलिस उप अधीक्षक के कार्यालय कक्ष की टेबल के दराज में से सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी (Galaxy XCover7ekWMy-SM-G556B), चार्जींग केबल, पॉवर बैंक व एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड निकलवाकर उक्त समस्त उपकरणों की जांच की गई तो उक्त समस्त उपकरण सही ढंग से संचालित होना पाये गये तथा सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी में एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड (SANDISK 8GB Micro SDHC) डलवाकर उक्त सरकारी मोबाईल फोन को श्री बाबु लाल कानि0 नम्बर 393 को सुपुर्द किया गया व श्री जितेन्द्र कुमार कानि. न. 390 को मन् पुलिस उप अधीक्षक के कार्यालय मे बुलाकर मन् पुलिस उप अधीक्षक के कार्यालय कक्ष की टेबल के दराज मे रखी डिजिटल वोईस रिकॉर्डर व एक खाली (नया) मेमोरी कार्ड SANDISK 8GB निकाल कर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर में मेमोरी कार्ड लगाया जाकर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर को चालू कर अवलोकन किया गया तो डिजिटल वोईस रिकॉर्डर व उसमें लगाया गया मेमोरी कार्ड खाली (रिक्त) होना पाया गया। तत्पश्चात मन् पुलिस उप अधीक्षक मय ब्यूरों जाप्ता श्री करण सिंह एएसआई, श्री बाबुलाल कानि. 393, श्री जितेन्द्र कुमार कानि. 390 मय सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी (Galaxy XCover7ekWMy-SM-G556B), चार्जींग केबल, पॉवर बैंक व एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड, व ब्यूरों का डिजिटल वोईस रिकॉर्डर व लेपटोप व आवश्यक संसाधन के ब्यूरों कार्यालय डूंगरपुर से बाईपास प्रतापगढ के लिये सरकारी वाहन से रवाना हुये । हालात उच्च अधिकारीयो को अर्ज किये। समय करीब 05.30 पी. एम पर उपरोक्त पैरा के रवाना शुदा मन् पुलिस उप अधीक्षक मय जाप्ता के ब्यूरो कार्यालय डूंगरपुर से रवाना शुदा बाईपास प्रतापगढ पंहुच मन् पुलिस उप अधीक्षक के मोबाईल से परिवादी श्री रितेश माली के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर परिवादी श्री रितेश माली को बाईपास प्रतापगढ पर उपस्थित होने हेतु कहा गया। तत्पश्चात समय करीब 05.35 पी.एम पर पूर्व पाबन्दशुदा परिवादी श्री रितेश माली पिता कन्हैयालाल माली उम्र 26 वर्ष निवासी छोटी सादडी जिला प्रतापगढ अपनी निजी कार से बाईपास प्रतापगढ पर उपस्थित हो मन् पुलिस उप अधीक्षक को एक हस्तलिखित रिपोर्ट इस आषय कि पेष की "सादर निवेदन है कि मे प्रार्थी रितेश माली पिता कन्हैयालाल माली उम्र 26 वर्ष निवासी छोटी सादडी जिला प्रतापगढ का रहने वाला हूँ, मेरे बडे भाई रोहित माली को धोलापानी पुलिस बलात्कार मामले मे पकडकर ले गई है मेरे भाई रोहित माली के साथ मारपीट नही करने व मामले मे मदद करने एवं मुकदमे मे मेरे पिताजी को नही फंसाने के एवज मे प्रवीण सिंह चारण थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ द्वारा 1 लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है मैं रिश्वत राशि नही देना चाहता हु रिश्वत लेते हुए पकडवाना चाहता हु मेरी प्रवीण सिंह से पुरानी कोई दुष्मनी नही है ना ही कोई पुरानी लेन-देन बाकी नही है। उचित कार्यवाही करावें।" मन् पुलिस उप अधीक्षक ने परिवादी श्री रितेश माली द्वारा प्रस्तुत हस्तलिखित प्रार्थना पत्र को शब्द ब शब्द पढ़कर सुनाया गया तो परिवादी द्वारा सही होना एवं प्रार्थना पत्र स्वयं द्वारा हस्तलिखित एवं स्वय के हस्ताक्षरित होना स्वीकार किया। परिवादी द्वारा अपनी पहचान के सम्बन्ध में स्वंय का आधार कार्ड पेश किया जिसे बाद अवलोकन शामिल कार्यवाही किया गया। उक्त लिखित रिपोर्ट का अवलोकन करने से मामला रिश्वत राशि लेन देन का पाया गया। जिस पर परिवादी से मजीद दरियाफ्त की तो परिवादी ने बताया कि मेरे बडे भाई रोहित माली को धोलापानी पुलिस बलात्कार मामले मे पकडकर ले गई है मेरे भाई रोहित माली के साथ मारपीट नही करने व मामले मे मदद करने एवं मुकदमे मे मेरे पिताजी को नही फंसाने के एवज मे प्रवीण सिंह चारण थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ द्वारा 1 लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जाकर परेशान किया जा रहा है। श्री प्रवीण सिंह बहुत ही चालाक प्रवृति का व्यक्ति है। जिस पर कानि. श्री जितेन्द्र कुमार न. 390 व परिवादी श्री रितेश माली का आपस में परिचय कराया गया व परिवादी व कानि0 के मोबाईल नम्बर परस्पर साझा कराये

गये। परिवादी श्री रितेश माली ने बताया की थानाधिकारी श्री प्रवीण सिंह अभी थाने पर उपस्थित मिल जायेगे। श्री प्रवीण सिंह ने आज ही मुझे 20,000/- रूपये लेकर थाने पर बात करने के लिए बुलाया है जो मै साथ मे लेकर आया हुं। उक्त राशि 20,000/- रूपये परिवादी द्वारा मन् पुलिस उप अधीक्षक को पेश की उक्त राशि के नोटो के नम्बरो का श्री बाबुलाल कानि न.393 के मोबाईल से फोटो खिचवाये गये। मौके पर प्रिन्ट निकालने की सुविधा नही होने से अकब से प्रिन्ट निकालकर शामिल प्रत्रावली किया जावेगा। कानि. श्री बाबुलाल को उक्त फोटो को सुरक्षित रखने की हिदायत दी गई। कानि. श्री जितेन्द्र कुमार न. 390 को पूर्व मे सम्भलवाया गया डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड प्राप्त कर परिवादी के मोबाईल को लाउडस्पीकर ऑन करा परिवादी के मोबाईल नम्बर से संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी के मोबाईल नम्बर पर कॉल करवाया गया लेकिन संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह द्वारा कालॅ नही उठाया गया उक्त वार्ता को परिवादी का मोबाईल को लाउडस्पीकर ऑन करा ब्यूरो के डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय् मेमोरी कार्ड मे रिकोर्ड किया गया। तत्पश्चात परिवादी श्री रितेश माली ने बताया की श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी के मोबाईल नम्बर से मेरे मोबाईल नम्बर पर कॉल आ रहा है। जिस पर परिवादी के मोबाईल को लाउडस्पीकर ऑन करा परिवादी की संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी से वार्ता करवाई गई तो संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह द्वारा परिवादी को थाने पर जल्दी आने हेतु कहा गया। उक्त वार्ता को परिवादी का मोबाईल को लाउडस्पीकर ऑन करा ब्यूरो के डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय् मेमोरी कार्ड मे रिकोर्ड किया गया। तत्पश्चात परिवादी श्री रितेश माली को डिजिटल वोईस रिकॉर्डर के संचालन की विधि की समझाईश कर संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी से अग्रिम रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय् उसमें लगाये गये मेमोरी कार्ड के व उक्त 20,000/- रूपये रिश्वत राशि को परिवादी श्री रितेश माली को सुपुर्द कर संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह से वार्ता हेतु आवश्यक हिदायत देकर कानि. श्री जितेन्द्र कुमार नं0 390 व परिवादी मय डिजिटल वोईस रिकॉर्डर के परिवादी की कार से समय करीब 06.05 पी.एम पर पुलिस थाना धोलापानी की तरफ रवाना किया गया। तत्पश्चात समय करीब 10.30 पी.एम पर श्री जितेन्द्र कुमार कानि. न. 390 मय डिजिटल वोईस रिकॉर्डर व परिवादी श्री रितेश माली परिवादी की कार से बाईपास प्रतापगढ मन् पुलिस उप अधीक्षक के पास उपस्थित हो व श्री जितेन्द्र कुमार कानि. ने डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड मन् पुलिस उप अधीक्षक को सुपुर्द कर बताया कि मै व परिवादी श्री रितेश माली परिवादी की कार से श्रीमान के निर्देशानुसार रवाना हो पुलिस थाना धोलापानी की तरफ जा रहे थे समय 07.19 पी.एम पर परिवादी श्री रितेश माली द्वारा मन् कानि को बताया गया की बार-बार श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी के मोबाईल नम्बर से मेरे मोबाईल नम्बर पर वाटसअप कॉल आ रहा है। जिस पर परिवादी की कार को रोड के साईट मे खडी करा परिवादी के मोबाईल नम्बर से संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी के मोबाईल नम्बर पर वाटसअप कॉल करवाया गया। तो संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी द्वारा वार्ता नही कर परिवादी के भाई श्री रोहित माली से वार्ता करवाई गई। उक्त वार्ता को परिवादी के मोबाईल को लाउडस्पीकर ऑन करा ब्यूरो के डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय् मेमोरी कार्ड मे रिकोर्ड किया गया। तत्पश्चात वहा से रवाना हो पुलिस थाना धोलापानी के पास पहुच समय करीब 07.54. पी.एम पर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालू कर परिवादी श्री रितेश माली को सुपुर्द कर संद्विग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु परिवादी श्री रितेश माली को पुलिस थाना धोलापानी के लिए रवाना किया तथा मै आस-पास अपनी गोपनीयता छिपाते हुए मुकिम रहा। तत्पश्चात समय करीब 08.40 पी.एम पर परिवादी मेरे पास आकर परिवादी ने मुझे डिजीटल वोईस रिकॉर्डर पेश किया जिसे मैने बन्द कर अपने पास सुरक्षित रखा। परिवादी ने बताया की मेने श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी को 20,000/- रूपये दे दिये है। जिस पर मन् कानि. डिजिटल वाईस रिकार्डर मय मेमोरी कार्ड के परिवादी श्री रितेश माली के साथ परिवादी की कार से रवाना हो आपके पास आये है। जिस पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मैमोरी कार्ड में रिकार्ड शुदा परिवादी श्री रितेश माली व संद्विग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी के मध्य रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता को चलाकर सुना गया तो परिवादी द्वारा पेश रिपोर्ट में बताये गए कथनो की ताईद होकर रिश्वत राशि मांग स्पष्ट नही होना पाया गया। जिस पर परिवादी को एक बार वापस मांग सत्यापन हेतु कहा गया तो परिवादी ने बताया बार-बार मेरे जाने से श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी को शक हो सकता है वो रिश्वत मांगने बाबत कभी भी मुझे कॉल कर सकते है। जिस पर कानि. श्री जितेन्द्र कुमार न. 390 को परिवादी के साथ ही मुकिम रहने व संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी द्वारा रिष्वत बाबत कॉल आने पर मांग सत्यापन हेतु निर्देश देकर ब्यूरो का डिजिटल टेप रिकोर्डर मय मेमोरी कार्ड सुपुर्द किया गया। परिवादी श्री रितेश माली को आवश्यक निर्देश देकर रूकसत किया गया। समय करीब 11.00 पी.एम पर गोपनीयता के मध्यनजर मन् पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहियान जाप्ता श्री करण सिंह, श्री बाबुलाल कानि मय सरकारी वाहन से बांसवाडा के लिए रवाना हुये। दिनांक 13.05.2026 समय 01.10 ए.एम पर उपरोक्त पेरा का रवाना शुदा मन् पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहियान के सर्किट हाउस बांसवाडा पंहुच मुकिम हुआ। तत्पष्चात समय करीब 08.23 ए.एम पर श्री जितेन्द्र कुमार कानि द्वारा कॉल कर मन् पुलिस उप अधीक्षक को बताया की परिवादी श्री रितेश माली व परिवादी के जिजाजी श्री ओमजी सपरिवादी दोनो रिश्वत राशि की मांग सत्यापन हेतु संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी

के पास जाने हेतु कह रहे है। जिस पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कानि. श्री जितेन्द्र कुमार को परिवादी श्री रितेश माली को डिजिटल टेप रिकोर्डर मय मेमोरी कार्ड सुपुर्द कर परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी के साथ जाकर मांग संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकोर्ड करवाने हेतु निर्देशित किया गया। समय करीब 09.15 ए.एम पर ट्रैप कार्यवाही के क्रम में दो स्वतंत्र गवाहान की आवश्यकता होने से श्रीमान उप वन संरक्षक बांसवाडा को एक राजपत्रित अधिकारी व एक अराजपत्रित कर्मचारी को पाबन्द कर ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा पर भिजवाने बाबत् इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एसपीएल-1 दिनांक 13.05.2026 से तेहरीर जारी कर श्री बाबु लाल कानि. को कार्यालय उप वन संरक्षक बांसवाडा हेतु रवाना किया गया। समय करीब 09.52 ए.एम पर श्री जितेन्द्र कुमार कानि. न. 390 द्वारा मन् पुलिस उप अधीक्षक को कॉल कर बताया कि श्रीमान के आदेशानुसार मै, परिवादी रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी परिवादी की कार से छोटी सादडी से रवाना हो पुलिस थाना धोलापानी के पास पहुच समय करीब 08.44 ए.एम पर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालू कर परिवादी श्री रितेश माली को सुपुर्द कर परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी को संद्विग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु पुलिस थाना धोलापानी के लिए रवाना किया तथा मै आस-पास अपनी गोपनीयता छिपाते हुए मुकिम रहा। तत्पश्चात समय करीब 09.50 ए.एम पर परिवादी व सपरिवादी मेरे पास आकर परिवादी ने मुझे डिजीटल वोईस रिकॉर्डर पेश किया जिसे मैने बन्द कर अपने पास सुरक्षित रखा है। परिवादी ने बताया की हमारी श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन बाबत वार्ता हुई है । श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी ने हमसे 3,00,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग की है। जिस पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कानि. श्री जितेन्द्र को निर्देष दिये की आप लोग वहा से रवाना हो छोटी सादडी जाकर मुझे कॉल कर वार्ता करे। समय करीब 10.00 ए.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा जरिये मोबाईल कॉल कर श्री धिरेन्द्र कानि न.546 ब्यूरो कार्यालय डूंगरपुर को निर्देश दिये की आप, श्री वीर विक्रम सिंह कानि. न.189, श्री दिपक कानि.न. 87 व श्री महेशचन्द्र कानि. 394 मय ट्रैप बॉक्स को अपनी निजी कार से हमराह लेकर ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा पंहुचे। समय करीब 10.21 ए.एम पर कानि. श्री जितेन्द्र कुमार नं. 390 द्वारा कॉल कर मन् पुलिस उप अधीक्षक को बताया की हम वहा से रवाना हो छोटी सादडी पंहुचे है । जिस पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कानि. के मोबाईल से परिवादी श्री रितेश माली से वार्ता कर मय् रिश्वत राशि के ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा पर उपस्थित होने हेतु निर्देश दिये जिस पर परिवादी श्री रितेश माली ने बताया की 3,00,000/- रूपये रिश्वत राशि की व्यवस्था कर तीन चार घण्टे मे हम ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा उपस्थित हो जायेंगे। समय करीब 10.30 ए.एम पर श्री बाबुलाल कानि. न. 393 व दो स्वतंत्र गवाह उपस्थित कार्यालय आये। कानि.श्री बाबुलाल ने कार्यालय उप वन संरक्षक बांसवाडा का पत्र क्रमांक 2547-49 दिनांक 13.05.2026 लाकर पेश किया जिसे बाद अवलोकन शामिल कार्यवाही किया गया। तत्पश्चात दोनो स्वतन्त्र गवाहाण को मन् पुलिस उप अधीक्षक ने अपना परिचय देते हुए उनसे उनका परिचय पुछा तो उन्होने अपना नाम श्री कुलदीप सिंह पिता श्री पर्वतसिंह चैहान उम्र-35 वर्ष क्षैत्रिय वन अधिकारी दितीय विकास, कार्यालय उप वन संरक्षक बांसवाडा, निवासी वाजेडा, पिपलादा पुलिस थाना सदर जिला डुंगरपुर। मोबाईल नं व श्री राघव तलवाडिया पिता श्री दिलीप तलवाडिया उम्र-27 वर्ष, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय उप वन संरक्षक बांसवाडा, निवासी तलवाडियों का मोहल्ला तलहटी महल की गली बांसवाडा, पुलिस थाना कोतवाली, जिला बांसवाडा मोबाईल नं होना बताया । जिस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान को ब्यूरो द्वारा की जाने वाली अग्रिम ट्रैप कार्यवाही में बतौर गवाह उपस्थित रहने हेतु मौखिक सहमति चाही गई जिस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान द्वारा अपनी-अपनी मौखिक सहमति दी गई। जिन्हे कार्यालय कक्ष मे बैठाया गया। समय करीब 12.30 पी.एम पर ब्यूरो कार्यालय डूंगरपुर से श्री धिरेन्द्र कानि न.546, श्री वीर विक्रम सिंह कानि. न.189, श्री दिपक कानि.न. 87 व श्री महेशचन्द्र कानि. 394 मय ट्रैप बॉक्स के अपनी निजी कार से ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा हाजिर आये जिन्हे कार्यालय कक्ष मे बैठाया गया। तत्पश्चात समय करीब 03.42 पी.एम पर सपरिवादी श्री ओमजी के मोबाईल नम्बर से मन् पुलिस उप अधीक्षक के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर परिवादी श्री रितेश माली ने बताया की श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी ने अपने मोबाईल से श्री रोहित माली के सेठ श्री मितांश कोठारी से बात करवाकर श्री मितांश कोठारी से 3,00,000 रूपये श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी ने ले लिये है। श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी मय जाप्ता प्रकरण में श्री रोहित माली को घटना स्थल तस्दीक कराने गंगापुर भीलवाडा लेकर गया है। बाद घटना स्थल तस्दीक करा वापस पुलिस थाना धोलापानी आयेगें। जिस पर परिवादी, सपरिवादी व कानि. जितेन्द्र कुमार को कारूण्डा मोड पर पंहुचने के निर्देश दिये गये व बताया की मन् पुलिस उप अधीक्षक मय टीम के ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा से रवाना हो कारूण्डा मोड छोटी सादडी पर आ रहा हुं। जहा आप सभी उपस्थित मिलना। समय करीब 03.50 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा श्री बाबु लाल कानि0 नम्बर 393 को बुलाकर पूर्व मे श्री बाबुलाल कानि. को सम्भलाये गये सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी (Galaxy XCover7ekWMy-SM-G556B), चार्जींग केबल, पॉवर बैंक व एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड को मंगा कर उक्त समस्त उपकरणों की जांच की गई तो उक्त समस्त उपकरण सही ढंग से संचालित होना पाये गये तथा सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी में एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड (SANDISK 8GB Micro SDHC) डलवाकर उक्त सरकारी मोबाईल फोन को श्री बाबुलाल कानि0 नम्बर 393 को सुपुर्द कर रिश्वत राशि

बरामदगी की कार्यवाही के दौरान वीडियोग्राफी कर वीडियों को उक्त मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड करने तथा संदिग्ध के आवास व कार्यालय की खाना तलाशीकी कार्यवाही के दौरान सरकारी मोबाईल फोन के माध्यम से वीडियोग्राफी करने हेतु निर्देशित किया गया। समय करीब 04.20 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा श्री पंकज कुमार कानि.न. 551 व श्री वीर विक्रम सिंह न. 189 को पुलिस थाना धोलापानी के आस-पास मुकिम होने हेतु निर्देश कर श्री धिरेन्द्र सिंह कानि.न. 546, श्री पंकज कुमार कानि. न. 551 श्री दीपक कानि न. 87, श्री वीर विक्रम सिंह कानि. न 189 व श्री हरभजन सिंह कनिष्ठ लिपिक को कानि श्री धिरेन्द्र सिंह की निजी कार से कारूण्डा मोड की ओर रवाना कर पिछे-पिछे मन् पुलिस अधीक्षक, स्वतन्त्र गवाहान श्री कुलदीप सिंह, श्री राघव तलवाडिया, श्री करण सिंह एएसआई, श्री बाबुलाल कानि, श्री महेशचन्द्र कानि. मय लेपटोप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स व आवश्यक संसाधनों के सरकारी वाहन से ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा से कारूण्डा छोटी सादडी मोड तरफ रवाना हुए। समय करीब 06.00 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहियान के पूर्वानुसार अपने-अपने वाहनो से ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा से रवानाशुदा कारूण्डा मोड छोटी सादडी के आस-पास पंहुच अपने-अपने वाहनो को रोड के साईड में खडा किया। जहा परिवादी श्री रितेश माली सपरिवादी श्री ओमजी व कानि. जितेन्द्र कुमार परिवादी की कार से उतर कर मन् पुलिस उप अधीक्षक के पास आये व कानि श्री जितेन्द्र कुमार ने ब्यूरो का डिजिटल टेप रिकोर्डर मय मेमोरी कार्ड मन् पुलिस उप अधीक्षक को पेश कर बताया कि श्रीमान के आदेशानुसार मै, परिवादी रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी परिवादी की कार से छोटी सादडी से रवाना हो पुलिस थाना धोलापानी के पास पहुच समय करीब 08.44 ए.एम पर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालू कर परिवादी श्री रितेश माली को सुपुर्द कर परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी को संद्विग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु पुलिस थाना धोलापानी के लिए रवाना किया तथा मै आस-पास अपनी गोपनीयता छिपाते हुए मुकिम रहा। तत्पश्चात समय करीब 09.50 ए.एम पर परिवादी व सपरिवादी मेरे पास आकर परिवादी ने मुझे डिजीटल वोईस रिकॉर्डर पेश किया। कानि. के कथनो की ताहिद करते हुये परिवादी ने बताया की हमारी श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन बाबत वार्ता हुई है। श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी ने हमसे 3,00,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग की। हम रिश्वत राशि की व्यवस्था कर रहे थे तो हमे सूचना मिली की श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी ने अपने मोबाईल से श्री रोहित के सेठ श्री मितांश कोठारी से श्री रोहित माली की बात करवाकर श्री मितांश कोठारी से 3,00,000 रूपये लेकर श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी मय जाप्ता प्रकरण में श्री रोहित माली को घटना स्थल तस्दीक कराने गंगापुर भीलवाडा लेकर गया है। बाद घटना स्थल तस्दीक करा वापस पुलिस थाना धोलापानी आयेगें। तत्पश्चात डिजिटल टेप रिकोर्डर मय मेमोरी कार्ड मे दिनांक 13.05.2026 को परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी व संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता को सुना गया तो पाया की रिश्वत राशि की स्पष्ट मांग नही होना पाया गया। कानि. श्री जितेन्द्र कुमार ने बताया की उक्त वार्ता 1 घण्टा 6 मिनट की हुई लेकिन तकनीकि खराबी के कारण 34 मिनट की मांग सत्यापन वार्ता डिजिटल टेप रिकोर्डर मय मेमोरी कार्ड मे रिकोर्ड हुई है। कानि. के कथनो की परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी ने भी ताहिद की। तत्पश्चात सरकारी वाहन में बैठे दोनो स्वतन्त्र गवाहान व परिवादी व सपरिवादी का आपस में परिचय करवाया गया। तत्पश्चात दिनांक 12.05.2026 को परिवादी श्री रितेश माली द्वारा प्रस्तुत हस्तलिखित प्रार्थना पत्र को परिवादी, सपरिवादी व दोनो स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा पढ़कर सुनाया गया तो परिवादी ने शब्द ब शब्द की पुष्टि कर अपने हस्ताक्षर होना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात् प्रार्थना पत्र पर दोनों गवाहान व सपरिवादी श्री ओमजी के हस्ताक्षर करवाये गये। मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा डिजिटल वोईस रिकॉर्डर को चालू कर दिनांक 12.05.2026 को परिवादी श्री रितेश माली व संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता व दिनांक 13.05.2026 को परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी श्री ओमजी व संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता के मुख्य-मुख्य अंश दोनों स्वतंत्र गवाहान को सुनाये गये। उच्च अधिकारीयो को हालात अर्ज किये जाकर अग्रिम कार्यवाही करने बाबत निर्देश प्राप्त किये गये। तत्पश्चात समय करीब 07.10 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कानि., श्री धिरेन्द्र सिंह न. 546, श्री दीपक कानि न. 87, श्री महेशचन्द्र कानि व श्री हरभजन सिंह कनिष्ठ लिपिक को कानि श्री धिरेन्द्र सिंह की निजी कार से नृसिंगढ टोल की तरफ रवाना कर पिछे-पिछे मन् पुलिस अधीक्षक, स्वतन्त्र गवाहान श्री कुलदीप सिंह, श्री राघव तलवाडिया, श्री करण सिंह एएसआई, श्री बाबुलाल कानि, परिवादी श्री रितेश माली, सपरिवादी श्री ओमजी एवं श्री जितेन्द्र कुमार कानि. नं0 390 मय लेपटोप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स व आवश्यक संसाधनों के सरकारी वाहन से कारूण्डा छोटी सादडी मोड से नृसिंगढ टोल की तरफ रवाना हुए । समय करीब 07.30 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहियान के पूर्वानुसार अपने-अपने वाहनो से कारूण्डा मोड से रवानाशुदा नृसिंगढ टोल के पास पंहुच अपने-अपने वाहनो को रोड के साईड में खडा कर संदिग्ध श्री प्रवीण सिंह थानाधिकारी मय वाहन के आने के इंतजार मे टोल नाके के पास मुकिम हुये। समय करीब 07.35 पी.एम पर निम्बाहेडा की तरफ से एक सफेद कार नम्बर RJ09 CB 9422 आकर टोल नाके पर रूकी जिसमे आगे दो व्यक्ति बावर्दी बैठे हुये थे। जिन्हे मन् पुलिस उप अधीक्षक मय टीम द्वारा उक्त कार मे बैठ व्यक्तिीयो को निचे उतार कर कार को रोड के साईट मे खडा किया गया। तत्पश्चात मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा अपना व हमराहियान

का परिचय देकर अपने आने के मन्तव्य से अवगत कराया जाकर पुलिस निरीक्षक की वर्दी वाले व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम श्री प्रवीण कुमार पिता श्री विशाल दान चारण उम्र 52 वर्ष जाति चारण निवासी ए-29 दादुदयाल नगर, मानसरोवर जयपुर राजस्थान हाल थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ होना बताया। तत्पश्चात बावर्दी ड्राईवर सीट पर बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम श्री मनरूपराम मंडा पिता वक्साराम मंडा उम्र 33 वर्ष निवासी ब्राहमणों के बास वार्ड नं.0 06 गोराउ जिला नागौर हाल कानि. नं0 295 तत्पश्चात पिछे की सीट पर बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम श्री रघुवीर सिंह पिता मोहन सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी कुकनावाली, जिला नागौर हाल कानि. नं. 26 पुलिस थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ, एक अन्य जो कार मे बैठे हुये व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बताया श्री रोहित माली पिता कन्हैया लाल माली निवासी छोटी सादडी होना बताया। तत्पष्चात उक्त कार की तलाषी दोनो स्वतन्त्र गवाहान से लिवाई गई तो कां ड्राईवर सीट के पिछे सीट कवर मे डाली हुई पुलिस थाना धोलापानी के प्रकरण संख्या 42/2026 धारा 87,64(1) बीएनएस 2023 की मूल पत्रावली मिली गवाह श्री कुलदीप सिंह को सुरक्षित रखने हेतु सम्भलवाई गई। गवाह श्री कुलदीप सिंह द्वारा कॉ ड्राईवर सीट के सामने डेस्कबोड को खोलकर देखा तो भारतीय मुद्रा के 500-500 रूपये के नोटो की पांच गड्डीयां मिली जिसे दोनो स्वतन्त्र गवाहान से गिनवाया गया तो कुल 2,50,000 रूपये होना दोनो गवाहान ने बताया। उक्त राशि को कब्जे ब्यूरो ली गई। तत्पश्चात श्री प्रवीण कुमार थानाधिकारी की जामा तलाशी स्वतन्त्र गवाह श्री कुलदीप सिंह से लिवाई गई तो आरोपी श्री प्रवीण कुमार थानाधिकारी के पहनी हुई पेन्ट के आगे की दाहीनी जेब से भारतीय मुद्रा के 500-500 रूपये के नोट मिले जिन्हे स्वतन्त्र गवाहन से गिनवाया गया तो कुल 37650 रूपये होना गवाहान ने बताया उक्त राशि को कब्जे ब्यूरो ली गई। उसके अलावा एक मोबाईल आईफोन कम्पनी का मॉडल 13 प्रो मैक्स मिला जिन्हे स्वतन्त्र गवाह श्री कुलदीप सिंह को सुरक्षित रखने हेतु सम्भलाया गया । तत्पश्चात आरोपी श्री प्रवीण कुमार थानाधिकारी पुलिस थाना धोलापानी से जामातलाशी व कार की तलाशी मे मिली 2,50,000 व 37650 कुल रूपये 287650 रूपये के बारे मे पूछा गया तो आरोपी ने अपनी ऐरियर के 14,00,000/- रूपये मिलना बताया ये राशी मैने बैंक से कुछ समय पहले 14,00,000/- निकालना एवं उक्त राशि मे से ही शेष राशि होना बताया। आरोपी श्री प्रवीण कुमार थानाधिकारी द्वारा उक्त राशि के बारे मे कोई सन्तोष जनक जवाब नही दे पाए । जिस पर कानि श्री रघुवीर सिंह व श्री मनरूप द्वारा उक्त राशि के सम्बन्ध में बताया की जब हम सीआई साहब के साथ गंगापुर भीलवाडा जा रहे थे तब रास्ते मे सीआई साहब ने प्राईवेट वाहन को रोड के साईड मे रूकवाकर हम दोनो को गाडी के बाहर निकलकर रूकने को कहा और उन्होने अपने मोबाईल से आरोपी रोहित माली की किसी अन्य व्यक्ति से वार्ता करवाई थी। वार्ता होने के बाद सीआई साहब ने हमे पुनः गाडी मे बैठा गंगापुर जाने हेतु रवाना हुये थे। उसी दौरान श्री प्रवीण कुमार चारण थानाधिकारी ने गंगापुर भीलवाडा जाते समय निम्बाहेडा से कुछ दुरी पहले बाडी ग्राम के रोड पर ही वाहन को रूकवाकर हमे प्राईवेट वाहन में ही बैठे रहने का कहकर वाहन से उतरकर अन्य व्यक्ति से मिले जिससे उन्होने 500-500 रूपये के नोटो के गड्डी लेकर प्राईवेट वाहन में कॉ ड्राईवर की सीट पर आकर बैठ गए और उक्त राषि को प्राईवेट वाहन के कॉ ड्राईवर सीट के सामने डेस्कबोर्ड में रख दिया था। हमारे इस राशि के लेन-देन के सम्बन्ध में कोई लेना देना नही है। हम इसके बारे नही जानते है। ना ही हम उस व्यक्ति को पहचानते है जिसने सीआई साहब को रूपये दिये थे। मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा पूर्व में पुलिस थाना धोलापानी के आस-पास पाबन्दषुदा कानि श्री पंकज कुमार व श्री वीर विक्रम सिंह को जरिये दूरभाष पुलिस थाना धोलापानी में प्रवेश कर थानाधिकारी के सरकारी क्वार्टर व थानाधिकारी के कार्यालय कक्ष की निगरानी करने हेतु निर्देश दिये गए। श्री प्रवीण कुमार थानाधिकारी के प्राईवेट वाहन के सम्बन्ध में पूछा तो थानाधिकारी द्वारा बताया कि यह वाहन मेरे थाना सर्कल के परिचित केशुराम टांक निवासी नारेला खेडा कालाकोट धोलापानी का है। उक्त कार्यवाही की विडीयोग्राफी सरकारी मोबाईल मे लगे मैमोरी कार्ड मे श्री बाबूलाल कानि. से विडीयोग्राफी करवाई गई। उक्त वाहन से श्री प्रवीण कुमार थानाधिकारी से अवैध राशि बरामद होने एवं कोई संतोषप्रद जवाब नही दे पाया। अब तक के समस्त हालात उच्चाधिकारियों को निवेदन कर निर्देश प्राप्त किये। श्री प्रवीण कुमार चारण थानाधिकारी के कक्ष व सरकारी क्वार्टर की तलाशी उच्चाधिकारीयों के आदेश से लिया जाना आवश्यक होने से श्री बाबुलाल कानि को श्री मनरूप कानि व पुलिस थाना धोलापानी के आरोपी श्री रोहित माली व परिवादी श्री रितेश माली व सपरिवादी ओमजी एवं अन्य ब्यूरो जाब्ता को हमराह लेकर रिश्वत राशि बरामद प्राईवेट वाहन से एवं अन्य ब्यूरो जाब्ता श्री धीरेन्द्र सिंह कानि के निजी वाहन से पुलिस थाना धोलापानी पहुचने के निर्देश प्रदान कर रवाना कर उनके पिछे-पिछे मन् पुलिस उप अधीक्षक मय दोनो स्वतंत्र गवाहान, श्री प्रवीण कुमार चारण थानाधिकारी एवं श्री रघुवीर सिंह कानि को हमराह लेकर मय ब्यूरो जाब्ता के सरकारी वाहन से पुलिस थाना धोलापानी के लिए रवाना हो जरिये दूरभाष पुलिस उप अधीक्षक छोटी सादडी को घटना की जानकारी देते हुए एक महिला कानि उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया जिस पर पुलिस उप अधीक्षक छोटी सादडी द्वारा उनके कार्यालय में पदस्थापित सुश्री सरिता मकानि न 532 को पाबन्द किया गया। जिस पर पुलिस उप अधीक्षक का कार्यालय रास्ते में ही होने से मकानि को हमराह अपने वाहन मे ही साथ में लेकर पुलिस थाना धोलापानी के लिये रवाना हुआ। समय करीब 08.50 पी.एम पर उपरोक्त फिगरा का रवानाशुदा पुलिस थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ पहूंचा । जहां पूर्व के पाबन्दशुदा श्री वीर विक्रम सिंह व श्री पंकज कानि उपस्थित मिले जिन्हे हमराह लेकर पुलिस थाना धोलापानी में प्रवेश किया जहां श्री भंवर

